कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, छठां तल, लखनऊ

संख्याः–एम0ई0–1/2022/2902 लखनऊ : दिनांक 15 सितम्बर, 2022

## सेवायोजन विज्ञप्ति

राजकीय मेडिकल कालेजो के अन्तर्गत संचालित होने वाले नर्सिंग कालेजो यथा जालौन, बदॉयू, आजमगढ, बॉदा, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयो के अन्तर्गत संचालित होने वाले नर्सिंग कालेजो यथा अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद एवं शाहजहॉपुर में नर्सिंग संवर्ग के शैक्षणिक पदो (प्रिसपल कम प्रोफेसर, वाईस प्रिसपल कम प्रोफेसर, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर तथा ट्यूटर ) को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन प्रपत्र On Line एवं Off Line प्राप्त किये जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की जा रही है।

1 पदो की शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव **आई0एन0सी0** मानकानुसार, सभी पदो पर अधिकतम आयु 68 वर्ष निर्धारित की गयी है।

2. **आवेदन शुल्कः–** अभ्यर्थियो को रू0 2000/– शुल्क देना होगा। शुल्क **On line** जमा करना होगा। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नही होगा। एक से अधिक पदो के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को पृथक–पृथक आवेदन प्रपत्र भरना होगा और आवेदन शुल्क देना होगा।

3. पदो की संख्या घट या बढ सकती है।

4. **आवेदन करने की** अन्तिम तिथि 07 अक्टूबर, 2022 की सांय 05.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त व अपूर्ण पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

5. संविदा शिक्षक शासकीय सेवा में विनियमितीकरण के लिए हकदार नहीं होंगे।

6. प्रिसपल कम प्रोफेसर, वाईस प्रिसपल कम प्रोफेसर, प्रोफेसर के पदों पर चयन प्रकिया **वाक इन इन्टरव्यू** साक्षात्कार से एवं एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, ट्यूटर के पदों पर लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से सम्पन्न की जायेगी।

7. **Online आवेदन का लिंक, Online शुल्क जमा करने का विवरण, शैक्षणिक अनुभव /अर्हता विभाग की वेबसाईट www.dgme.up.gov.in पर प्रदर्शित हो रही है। साक्षात्कार/लिखित परीक्षा की तिथि शीघ्र ही विभाग की वेबसाईट www.dgme.up.gov.in पर प्रदर्शित की जायेगी।**

(श्रुति सिंह)

महानिदेशक